ई, मेल :- dforudraprayag @gmail.com
फोन/ फैक्स नं0 :- 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक– 4790 / 12-1(2) दिनांक 29/06/2022

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
ऊखीमठ

विषय– **जनपद–रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत क्यार्क–बरसूड़ी–भैरों बैण्ड से जमेथी तक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.340 है० वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को वन भूमि हस्तान्तरण। PROPOSAL NO.- FP/UK/ROAD/40773/2019**

सन्दर्भ :– आपकी पत्र संख्या–1415/13सी0 दिनांक 15.06.2022।

महोदय,

उपरोक्त विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में भारत सरकार की पत्र संख्या–8बी./यू.सी.पी./06/70/2021/एफ0सी0/773 दिनांक 23.09.2021 के द्वारा वांछित 04 बिन्दुओं की सूचना आप द्वारा उक्त सन्दर्भित पत्र से प्रेषित की गई, जिसके बिन्दु संख्या–04 में उल्लेख किया गया है कि ''**चूंकि उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग का प्रारम्भिक 1.40 कि॰मी॰ का प्रभाग आरक्षित व वन पंचायत भूमि पर पड़ता है। अतः पूर्व में 05 मकडम्पिंग को वन प्रभाग में बनाये गये थे, जिसमें संशोधित कर चौथे एवं पांचवे मक प्रभाग को स्थानान्तरित कर नाप खेतों में कर दिया गया है व KML file पर लाल रंग से अंकित कर दिया गया है**'' उक्त प्रकरण का ऑनलाईन अवलोकन करने पर निम्न कमियां पाई गई–

1. KML file में प्रस्तावित 05 मक डम्पिंग क्षेत्रों को पीले रंग से दर्शाया गया है तथा डिजिटल/टोपोशीट मानचित्रों पर लाल रंग से दर्शाया गया है। स्थिति स्पष्ट करें।
2. उक्त के अतिरिक्त यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है कि वर्तमान में मक डम्पिंग हेतु कितनी वन भूमि तथा कितनी नाप भूमि प्रभावित हो रही है? नाप भूमि में प्रस्तावित मक डम्पिंग हेतु भूमिधरों की अनापत्ति तथा संशोधित मक डम्पिंग प्लान संलग्न नहीं किया गया है।
3. परिवेश पोर्टल के Additional information Details में पूर्व में प्रस्तावित डिजिटल/टोपोशीट मानचित्रों को डिलीट नहीं किया गया है और न ही संशोधित मानचित्रों को अपलोड किया गया है।
4. यह भी स्पष्ट कराना है कि यदि आप द्वारा प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण हेतु कुल प्रभावित 1.34 है0 वन भूमि में संशोधन/परिवर्तन किया गया है तो संबंधित समस्त प्रपत्रों में परिवर्तन/संशोधन किया जाना अनिवार्य है।

अतः उपरोक्त कमियों का पूर्ण निराकरण करते हुये भारत सरकार के उक्त पत्र से लगी आपत्तियों का बिन्दुवार उत्तर शीघ्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, तत्पश्चात् प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जानी संभव होगी।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

अग्रसारित

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग
रूद्रप्रयाग

भवदीय

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

अवलोकित

संख्या– 4790 /दिनांकित।

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग को सूचनार्थ प्रेषित।

अग्रसारित

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग
रूद्रप्रयाग

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

O/C